# भाजपा सरकार पर साधा निशाना

## जीतू पटवारी ने पचमढ़ी प्रशिक्षण शिविर को बताया अहम कदम

- नियुक्त जिलाध्यक्षों को कांग्रेस के द्वारा दी जाएगा प्रशिक्षण
- 27 विभागों के कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल रहा



**विशेष संवाददाता**

**भोपाल,02 नवम्बर. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पचमढ़ी में आयोजित होने वाले कांग्रेस प्रशिक्षण शिविर, प्रदेश की मौजूदा राजनीतिक स्थिति और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार किया.**

पटवारी ने बताया कि पचमढ़ी में शुरू हो रहे तीन दिवसीय महामंथन शिविर में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) कार्यक्रम सहित कई संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की जाएगी. हाल ही में नियुक्त जिलाध्यक्षों को पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक ढांचे और कार्यप्रणाली की ट्रेनिंग दी जाएगी. उन्होंने कहा कि संगठन सृजन अभियान के बाद यह प्रशिक्षण जिला स्तर पर कांग्रेस को और मजबूत करेगा.

> कांग्रेस सरकार की तुलना करते हुए उन्होंने कहा, कांग्रेस के 55 साल के शासन में न 50त्न कमीशनखोरी थी, न जनता पर हिंसा, न घर-घर शराब वितरण, और न किसानों पर अत्याचार. अंत में पटवारी ने कहा कि मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी जनता के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और आने वाले दिनों में संगठन को और सशक्त बनाकर जनता के मुद्दों को सड़क से लेकर सदन तक उठाएगी.

शराबखोरी और नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए पटवारी ने कहा, युवा पीढ़ी को शराब और नशे से बचाना हमारी प्राथमिकता है. भाजपा सरकार 17,000 करोड़ रुपये के राजस्व लक्ष्य के लिए युवाओं का भविष्य दांव पर लगा रही है.

मुख्यमंत्री मोहन यादव के 25 साल के विजन बयान पर तंज कसते हुए पटवारी ने कहा, मध्य प्रदेश आज 5 लाख करोड़ के कर्ज में डूबा है. कानून-व्यवस्था चरमराई हुई है. भाजपा के सांसद और विधायक जनता के साथ दुर्व्यवहार कर रहे हैं — हाल ही में सतना में भाजपा सांसद गणेश सिंह ने एक आम नागरिक को थप्पड़ मारा, यही उनकी संस्कृति है. उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार 50प्रतिशत कमीशन वाली सरकार है, और कहा कि राज्य में घर-घर शराब पहुंचाने का काम हो रहा है, जबकि किसानों को यातनाएं दी जा रही हैं. ओबीसी आरक्षण रोक दिया गया है, 27 विभागों के कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल रहा, और मुख्यमंत्री 200 करोड़ रुपये का हवाई जहाज खरीदकर उस पर रोजाना 25 लाख रुपये खर्च कर रहे हैं. पटवारी ने भाजपा पर डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा, हाईकोर्ट परिसर में बाबा साहब की प्रतिमा न लगने के पीछे भाजपा सरकार की भूमिका है.

## एमपी ई-सेवा पोर्टल से डिजिटल गवर्नेंस की नई क्रांति का आगाज़

**भोपाल.** मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'एमपी ई-सेवा पोर्टल और मोबाइल ऐप' का शुभारंभ किया. यह एकीकृत मंच प्रदेश के 56 विभागों की 1700 से अधिक सेवाओं को एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराएगा. मुख्यमंत्री ने इसे डिजिटल गवर्नेंस के क्षेत्र में नई क्रांति की शुरुआत बताया. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत एमपीएसईडीसी द्वारा विकसित यह पोर्टल नागरिकों, विभागों और सेवाओं को एक ही ईको-सिस्टम से जोड़ता है. अब आवेदन, पात्रता जांच, ट्रैकिंग और अनुमोदन की प्रक्रिया पूरी तरह पेपरलेस और फेसलेस होगी.

# तेज रफ्तार ट्राले ने भेड़ों के झुंड को रौंदा, 26 की मौत

**बैतूल, 02 नवंबर. मध्यप्रदेश के बैतूल जिले में एक तेज रफ्तार ट्रॉले ने बड़ी संख्या में भेड़ों के झुंड को कुचल दिया, जिससे लगभग दो दर्जन भेड़ों की मौत हो गई.**

चिचोली थाना क्षेत्र में शनिवार शाम हरदा-बैतूल नेशनल हाईवे (एनएच-47) पर तेज रफ्तार ट्राले ने भेड़ों के झुंड को कुचल दिया. कुरसना गांव के पास हुए इस हादसे में 26 भेड़ों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि करीब आधा दर्जन भेड़ें गंभीर रूप से घायल हो गईं.

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, राजस्थान के नंबर वाला ट्राला बैतूल से इंदौर की ओर जा रहा था. इसी दौरान सड़क पार कर रहे भेड़ों के झुंड को उसने टक्कर मार दी. झुंड हरदा की दिशा से राजस्थान लौट रहा था. बताया जाता है कि चालक ने बेहद लापरवाही से वाहन चलाते हुए झुंड पर चढ़ा दिया. हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया.

मृत भेड़ें राजस्थान के जालौन जिले के गड़ेरिया मुड़ा राम रिवारिया की थीं, जो अपने झुंड के साथ प्रदेश के विभिन्न इलाकों में चराई के लिए आए हुए थे. घटना की जानकारी मिलते ही चिचोली पुलिस मौके पर पहुंची, ट्राले को जब्त किया और ड्राइवर के खिलाफ तेज व लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया. हादसे के चलते हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा.

ग्रामीणों ने मांग की है कि पशुपालक को मुआवजा दिया जाए और आरोपी चालक को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए.


# प्रदेश में बदला मौसम का मिज़ाज

**भोपाल, 2 नवम्बर 2025. पिछले 24 घंटों के दौरान मध्यप्रदेश के मौसम में बदलाव देखा गया. नर्मदापुरम, उज्जैन और जबलपुर संभागों के कुछ जिलों में कहीं-कहीं वर्षा दर्ज की गई, जबकि इंदौर संभाग के कुछ स्थानों पर हल्की बौछारें पड़ीं. प्रदेश के शेष सभी संभागों में मौसम मुख्यत: शुष्क बना रहा.**

मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटों में अधिकतम तापमान में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है. भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम, शहडोल और सागर संभागों के जिलों में तापमान 2.4 से 3.8 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ा, जबकि उज्जैन, ग्वालियर और चंबल संभागों में यह वृद्धि 4.9 से 5.0 डिग्री सेल्सियस तक रही.

**24** घंटों में अधिकतम तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है.

**2 .4** से 3 .8 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ा संभागों जिलों का तापमान



वहीं, अन्य संभागों में तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ. उज्जैन और रीवा संभागों के जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से 5.4 से 5.9 डिग्री तक कम दर्ज किया गया. भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, चंबल, शहडोल और सागर संभागों में यह सामान्य से 3.1 से 4.7 डिग्री कम रहा, जबकि जबलपुर संभाग के जिलों में तापमान सामान्य से करीब 1.8 डिग्री कम पाया गया.

## पति से विवाद के बाद मां ने 28 दिन के नवजात की गला दबाकर की हत्या

**भिण्ड.** भिण्ड जिले के मालनपुर क्षेत्र में घरेलू विवाद के बाद एक महिला ने अपने 28 दिन के नवजात शिशु की गला दबाकर हत्या कर दी. घटना शनिवार देर रात वार्ड क्रमांक 14 में हुई. पति ने रोकने की कोशिश की तो महिला ने उस पर भी हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया. पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी महिला उषा बघेल (20) ने अपने पति जगन्नाथ सिंह बघेल (21) के साथ विवाद के दौरान यह कदम उठाया. पति ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी पिछले कुछ दिनों से उस पर शक करती थी और आए दिन झगड़ा करती थी. कल विवाद बढ़ने पर उसने गुस्से में बेटे की जान ले ली. जगन्नाथ सिंह बघेल मूल रूप से उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले के लाधवारी महुआ खेरा गांव का निवासी है और भिण्ड में रहकर मजदूरी करता है.

# ईपीएफओ को नवाचार के लिए प्रथम पुरस्कार

## 'तत्पर' और 'दर्पण' पोर्टल के माध्यम से उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित

**भोपाल, 2 नवम्बर 2025. कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के 73वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित भव्य समारोह में आंचलिक कार्यालय, मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ को तकनीकी आधारित नवाचार के क्षेत्र में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया. यह सम्मान कार्यालय द्वारा विकसित 'तत्पर' और 'दर्पण' पोर्टलों के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा सेवाओं के विस्तार और तकनीकी सुधार में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया.**

**टीम को मिला सम्मान:** आंचलिक कार्यालय (म.प्र. एवं छ.ग.) की ओर से इस अवसर पर अपर केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त वी. रंगनाथ,क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त शिखर शर्मा, शलभ दुबे, लेखाधिकारी रजत वर्धन, अनुभाग प्रभारी महेश चोईथानी,तथा सामाजिक सुरक्षा सहायक लवली भोजवानी शामिल हुए. केंद्रीय कार्यालय द्वारा आमंत्रित इस टीम को विशेष रूप से तकनीकी नवाचार और डिजिटल सुधार की दिशा में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया.



> यह समारोह भारत मंडपम सभागार, नई दिल्ली में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ( श्रम एवं रोजगार तथा युवा मामले एवं खेल मंत्रालय) उपस्थित थे. इस अवसर पर श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की सचिव वंदना गुरनानी, केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त रमेश कृष्णमूर्ति सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे. समारोह में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिनमें संगठन के विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया.

## नाबालिग से दुष्कर्म कर आरोपी फरार, जान से मारने की दी धमकी

**मुरैना.** जिले में एक युवक तेरह वर्षीय नाबालिग से दुष्कर्म करने के बाद फरार हो गया है. जिसकी पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है. सूत्रों के अनुसार घटना जिले के पहाड़गढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम धुरखेड़ा की है, जहां गांव के ही एक युवक सोनू धाकड़ एक तेरह वर्षीय नाबालिग को बहला फुसला कर गांव के ही एक निर्माणाधीन मकान में ले जाकर दुष्कर्म किया. वही दुष्कर्म करने के बाद नाबालिग को घटना की जानकारी किसी को दिए जाने पर उसे जान से मारने की धमकी देने के बाद फरार हो गया. पीड़िता ने डर के कारण घटना के चार पांच दिन बाद हिम्मत जुटा कर सारी बात अपने परिजनों को बताई.

# 'रेलवन' ऐप ने सुविधाओं को बनाया सरल

## टिकट बुकिंग, ई-कैटरिंग सब एक ही ऐप में उपलब्ध

**भोपाल, 2 नवम्बर 2025. भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को और बढ़ाने के लिए एकीकृत मोबाइल सुपर ऐप 'रेलवन ( स्वरेल )' का बीटा संस्करण जनवरी 2025 में शुरू किया है. इस ऐप का उद्देश्य यात्रियों को रेलवे से जुड़ी सभी सेवाएँ एक ही मंच पर उपलब्ध कराना है.**

रेलवे द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, यह ऐप टिकट बुकिंग (आरक्षित, अनारक्षित एवं प्लेटफॉर्म टिकट), ट्रेन पूछताछ, ई-कैटरिंग, शिकायत निवारण एवं पार्सल बुकिंग जैसी सुविधाओं को एकीकृत करता है.



इससे रेलवे यात्रा को पहले की तुलना में अधिक सुगम, आधुनिक और सुविधाजनक बनाया गया है.

उपयोगकर्ता गूगल प्ले स्टोर या ऐप स्टोर से ऐप डाउनलोड कर सकते हैं. मौजूदा रेलकनेक्ट या यूटीएस मोबाइल ऐप के उपयोगकर्ता अपने पहचान प्रमाण के साथ सीधे लॉग इन कर सकते हैं.

**सुपरऐप की अनूठी विशेषताएँ**

1. **सिंगल साइन-ऑन सिस्टम** : एक ही पहचान प्रमाण से सभी रेलवे सेवाओं तक पहुँच संभव.
2. **ऑल-इन-वन प्लेटफॉर्म**: पहले जिन सेवाओं के लिए अलग-अलग ऐप की आवश्यकता थी, अब वे सब एक ही ऐप में उपलब्ध.
3. **एकीकृत जानकारी**: अब पीएनआर पूछताछ में संबंधित ट्रेन की विस्तृत जानकारी भी साथ प्रदर्शित होगी.

# इमाम नकली नोटों का निकला सौदागर

- महाराष्ट्र पुलिस की कार्रवाई से खुला मामला
- मालेगांव में पकड़े आरोपी ने बताया इमाम का नाम



**खंडवा, 02 नवंबर. जिले की पुलिस ने मालेगांव महाराष्ट्र पुलिस की सूचना पर नकली नोटों के कारोबार का नेटवर्क पकड़ा है.**

मालेगांव पुलिस ने एक आरोपी को 10 लाख रुपए के नकली नोटों समेत गिरफ्तार किया, उसने पुलिस को बताया कि 12 से 16 लाख रुपए के नकली नोट खंडवा जिले के जावर थाना क्षेत्र के पेठिया गांव के एक मदरसे में जुबेर नाम के व्यक्ति के पास रखे हैं. जानकारी मिलने पर खंडवा पुलिस ने बड़ी फोर्स के साथ गांव में धावा बोला. मदरसे की घेराबंदी और भारी पुलिस बल देखकर गांव के लोग सकते में आ गए. आरोपी जुबेर मदरसे की ऊपरी मंजिल में किराए पर रहता है, उससे 12 लाख के नकली नोट मिल चुके हैं. पुलिस को आशंका है कि लगभग 16 लाख रुपए के नकली नोट मिल सकते हैं. पैठियां (मछौड़ी रैय्यत) की मस्जिद में इमाम के रूप में तैनात जुबेर पिता अशरफ अंसारी मदरसे के ऊपरी कमरे से नकली नोटों के बंडल बरामद किए गए हैं.

**महाराष्ट्र पुलिस ने दी खंडवा पुलिस को सूचना**

मामले का खुलासा तब हुआ, जब मालेगांव (महाराष्ट्र) पुलिस ने जुबेर को उसके एक साथी के साथ 10 लाख रुपए के नकली नोटों सहित गिरफ्तार किया. गिरफ्तारी के बाद महाराष्ट्र पुलिस ने खंडवा पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में पुलिस बल व अधिकारी मदरसे पहुंचे और तलाशी अभियान शुरू किया. बरामद नकली नोटों की गिनती व जांच जारी है. पुलिस के अनुसार, जुबेर मूल रूप से बुरहानपुर जिले के हरिपुरा क्षेत्र का निवासी है.

## भिण्ड में नाबालिग युवक का रुकवाया गया विवाह, उत्तरप्रदेश से आई थी बारात

**भिण्ड.** मध्यप्रदेश के भिण्ड शहर में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में उस समय हड़कंप मच गया जब महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने एक नाबालिग युवक की शादी रुकवा दी. उत्तरप्रदेश के मैनपुरी से आई इस बारात में परिजनों ने युवक की उम्र छिपाकर विवाह कराने का प्रयास किया था. महिला बाल विकास विभाग की टीम ने जब आयोजन समिति से विवाह करने वाले जोड़ों के दस्तावेज मांगे और उनकी जांच की, तो मैनपुरी के किरपुआ निवासी युवक की उम्र 19 वर्ष 5 माह पाई गई. विवाह योग्य आयु पूर्ण न होने पर टीम ने तत्काल विवाह की प्रक्रिया रोक दी. यह सामूहिक विवाह भिण्ड शहर के बाइपास रोड स्थित संस्कृति मैरिज गार्डन में बांके बिहारी सेवा समिति द्वारा आयोजित किया गया था.

# जमीनी संगठन को सशक्त बनाने कांग्रेस शिविर प्रारंभ

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 2 नवम्बर. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में रविवार को पचमढ़ी में जिला अध्यक्षों के लिए आयोजित प्रशिक्षण शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस शिविर का उद्घाटन एआईसीसी के प्रशिक्षण प्रभारी एवं कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य सचिन राव ने कियाप्त**

यह दस दिवसीय शिविर 2 नवंबर से 12 नवंबर 2025 तक चलेगा, जिसका उद्देश्य नव-नियुक्त जिला अध्यक्षों को संगठनात्मक ढांचे, पार्टी की विचारधारा और कार्यशैली पर गहन प्रशिक्षण प्रदान करना है। उद्घाटन सत्र में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष श. उमंग सिंघार, तथा कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे. उद्घाटन समारोह के बाद श्री राव ने शिविर की पहली कार्यशाला का संचालन किया, जिसमें पार्टी के संगठनात्मक ढांचे, विचारधारा, कार्यप्रणाली और आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस सत्र का उद्देश्य प्रतिभागियों को कांग्रेस की मूल विचारधारा की गहराई से समझ और जिला स्तर पर संगठन की पकड़ मजबूत करने के लिए प्रेरित करना है. पचमढ़ी में शुरू हुआ यह महामंथन शिविर विशेष रूप से चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन कार्यक्रम सहित कई अहम राजनीतिक और संगठनात्मक विषयों पर विमर्श का केंद्र रहेगा.





## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले फरार आरोपी को बैकुण्ठपुर पुलिस ने मुम्बई से गिरफ्तार किया

**सिरमौर 2 नवंबर, पुलिस अधीक्षक रीवा के निर्देशन, एसडीओपी सिरमौर के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी बैकुण्ठपुर निरीक्षक जे.पी. पटेल के नेतृत्व में बैकुण्ठपुर पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले फरार आरोपी को मुम्बई से गिरफ्तार किया है।**

थाना प्रभारी जे.पी. पटेल ने बताया कि डेढ़ माह पूर्व एक युवती ने थाना बैकुण्ठपुर में शिकायत दर्ज कराई थी कि गुढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम गेरुआर निवासी कैलाश साकेत ने शादी का प्रलोभन और साथ जीने-मरने की कसमें देकर उसके घर में दुष्कर्म किया। युवती की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की गई। पता चला कि वह वारदात के बाद मुम्बई भाग गया था। थाना प्रभारी के निर्देश पर गठित पुलिस टीम ने मुम्बई पहुँचकर आरोपी कैलाश साकेत को गिरफ्तार कर रीवा लाया। उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

इस सफल कार्यवाही में निरीक्षक जे.पी. पटेल, प्रधान आरक्षक राजीव पटेल, राजरूप साकेत, आरक्षक अजय पटेल एवं साइबर सेल रीवा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**सहायता का भरोसा** | अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों ने की राहत की मांग

# सीएम से मिले सिंगरौली विधायक

**सिंगरौली, 2 नवम्बर. सदर विधायक रामनिवास शाह ने रविवार की सुबह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से उनके भोपाल स्थित निवास पर मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने जिले में हुई अतिवृष्टि की स्थिति से मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए प्रभावित अन्नदाताओं को तत्काल राहत सहायता राशि दिलाए जाने की मांग की.**

विधायक शाह ने मुख्यमंत्री को बताया कि सिंगरौली जिले में बीते दिनों हुई लगातार पांच दिनों की वर्षा से खरीफ फसलों को भारी नुकसान हुआ है. खेतों में सावन-भादो की तरह पानी भर जाने से धान सहित अधिकांश फसलें सड़ गई हैं, जिससे किसानों में भारी निराशा और चिंता का माहौल है.



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधायक की जानकारी सुनने के बाद कहा कि राज्य सरकार इस संकट की घड़ी में अन्नदाताओं के साथ खड़ी है. उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि फसलों की क्षति का त्वरित सर्वे कर प्रभावित किसानों को यथाशीघ्र राहत सहायता राशि उपलब्ध कराई जाए. मुलाकात के दौरान विधायक शाह ने अपने विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति पर भी चर्चा की और विभिन्न निर्माण एवं अधोसंरचना परियोजनाओं से संबंधित मांग पत्र मुख्यमंत्री को सौंपा. मुख्यमंत्री ने विधायक को भरोसा दिलाया कि प्रदेश सरकार जनहित और किसानों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत है और हर संभव सहायता दी जाएगी.

> **जिले में 50 प्रतिशत से अधिक फसलें बर्बाद**
>
> ज्ञात हो कि ऊर्जाधानी सिंगरौली जिले में रुक-रुक कर हो रही वर्षा के कारण करीब 50 प्रतिशत से अधिक धान एवं अन्य खरीफ फसलें नष्ट हो चुकी हैं. कई ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है. विधायक शाह ने बताया कि जिले के कलेक्टर गौरव बैनल ने राजस्व एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीम गठित कर प्रभावित ग्रामों में सर्वे का कार्य प्रारंभ करा दिया है.

## जिले में तेज हुई मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया

**ग्वालियर, 2 नवंबर. ग्वालियर जिले में भी भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की प्रक्रिया तेज हो गई है.**

बीएलओ के प्रशिक्षण कार्यक्रम हुए. जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रो के बीएलओ के यह प्रशिक्षण अलग-अलग स्थलों पर आयोजित हुए इस दौरान उन्हें विशेष रूप से वोटर्स मैपिंग कार्य की बारीकियां सिखाई गईं. एसआईआर के तहत बीएलओ घर-घर जाकर गणना पत्रक सौंपेंगे और उसे भरवाने में मतदाताओं का सहयोग करेंगे. निर्वाचन अधिकारी चौहान ने जिले के सभी मतदाताओं से बीएलओ को सही-सही जानकारी देकर पुनरीक्षण कार्य में सहयोग करने की अपील की है.

**कार्यालय ग्राम पंचायत क्षेत्र उमरिया ज.प. कुसमी, जिला सीधी (म.प्र.)**

क्रमांक/09/पंचा./2025 दिनांक 02/11/2025

निवेदन है कि ग्राम पंचायत क्षेत्र उमरिया में समस्त निर्माण कार्यों एवं कार्यालयीन व्यय तथा अन्य कार्यों में लगने वाली समस्त सामग्री का कोटेशन निम्न कार्यों का प्रदाय किया जाय।

| क्र. | कार्य पर सामग्री |
|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत में समस्त निर्माण कार्यों में लगने वाली समस्त सामग्री |
| 2. | ग्राम पंचायत में उपयोग आने वाली समस्त सामग्री |
| 3. | ग्राम पंचायत उमरिया में ओपन जिम की स्थापना हेतु कोटेशन |

उपरोक्तानुसार कोटेशन प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र सादर सम्प्रेषित है।

जिसका अवधि दिनांक 02/11/2025 से 06/11/2025 तक उपलब्ध कराया जाय।

सचिव
ग्राम पंचायत क्षेत्र वस्तुआ
ज.पं. कुसमी, जिला-सीधी (म.प्र.)